**उत्तर प्रदेश विधान परिषद के तृतीय सत्र 2023 के प्रथम मंगलवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, माननीय सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या–8 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 8. (क) क्या मुख्य मंत्री बताएंगे कि डालीबाग ड्राइवर कॉलोनी लखनऊ के अध्यासियों को शुद्ध पेयजल हेतु एक पानी टंकी से कई कई घरों में पानी सप्लाई की जा रही है, जिस कारण कॉलोनी वासियों को सुचारू रूप से व तीव्रगति से पानी न मिल पाने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है? | जी नहीं। राज्य सम्पत्ति विभाग के नियन्त्रणाधीन डालीबाग ड्राइवर कॉलोनी, लखनऊ में टाईप–1 के कुल 05 ब्लॉक हैं। प्रत्येक ब्लॉक में 16 आवास हैं तथा प्रत्येक ब्लॉक की छत पर 1000 लीटर क्षमता की चार टंकियॉ स्थापित हैं। इस प्रकार टाईप–1 में कुल 80 आवासों हेतु कुल 20000 लीटर की टंकियॉ स्थापित हैं, जो प्रति आवास 250 लीटर के मानक के अनुसार प्रत्येक परिवार हेतु पर्याप्त हैं। सभी टंकियॉ दिन में तीन बार भरी जाती हैं। सभी आवासों में पानी सुचारू रूप से व तीव्र गति से सप्लाई किया जाता है। कॉलोनी वासियों द्वारा भी पानी की सप्लाई के सम्बन्ध में किसी प्रकार की समस्या से अवगत नहीं कराया गया है। |
| (ख) यदि हॉ, तो क्या सभी अध्यासियों को एक–एक छोटी टंकी से पानी सप्लाई की व्यवस्था करायेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ग) यदि हॉ, तो कब तक? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपर्युक्तानुसार। |

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्य मंत्री।**